**कुमारी सैलजा, सांसद**
**लोक सभा**
**पूर्व केंद्रीय मंत्री**

सत्यमेव जयते

67, साउथ एवेन्यू, नई दिल्ली-110011
दूरभाष : (का०) 011-23018074
011-23018269
ई-मेल : officeofkumariselja@gmail.com

24 दिसंबर, 2024

प्रिय श्री वैष्णव जी,

मेरे संसदीय क्षेत्र सिरसा में लोगों द्वारा कुछ ट्रेनों को सिरसा तक संचालित किए जाने को लेकर मांग उठाई गई है जिन्हें मैं आपके संज्ञान में लाना चाहती हूं। गाड़ी संख्या नंबर 14117 व 14118 कालिंदी एक्सप्रेस जोकि प्रयागराज से चलकर भिवानी तक आती है उसे सिरसा के लिए आसानी से बढ़ाया जा सकता है जिससे सिरसा वासियों को भी सीधे प्रयागराज जाने का मौका मिल सकेगा। इस समय प्रयागराज में महाकुंभ की शुरुआत 13 जनवरी 2025 को पौष पूर्णिमा स्नान के साथ होगी, जो कि 26 फरवरी 2025 यानि महाशिवरात्रि तक रहेगा। इस क्षेत्र के हजारों श्रद्धालु, साधु-संत इसका धर्म लाभ उठा सकेंगे। इस संदर्भ में आपको 12 दिसंबर 2024 को भी एक पत्र लिखा गया था।

मेरी आपसे मांग हैं कि आप प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ को देखते हुए इस ट्रेन का भिवानी से सिरसा तक चलाया जा सकता है। अत: इस गाड़ी को सिरसा तक बढ़ाया जाए।

धन्यवाद,

भवदीया,

सैलजा

**(कुमारी सैलजा)**

श्री अश्विनी वैष्णव
केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण
तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्री,
कमरा नंबर 256-ए,
रेल भवन, रायसीना रोड,
नई दिल्ली -110001

**कुमारी सैलजा, सांसद**
लोक सभा
पूर्व केंद्रीय मंत्री

सत्यमेव जयते

67, साउथ एवेन्यू, नई दिल्ली-110011
दूरभाष : (का०) 011-23018074
011-23018269
ई-मेल : officeofkumariselja@gmail.com

12 दिसंबर, 2024

प्रिय श्री वैष्णव जी,

मेरे संसदीय क्षेत्र सिरसा में लोगों द्वारा कुछ ट्रेनों को सिरसा तक संचालित किए जाने को लेकर मांग की है जिन्हें मैं आपके संज्ञान में लाना चाहती हूं, जोकि निम्नलिखित हैं-

1. लोगों की सुविधाओं के लिए नई दिल्ली से सिरसा वाया महम-रोहतक-हांसी-हिसार व सिरसा तक नई इंटरसिटी गाड़ी चलाई जाए।
2. 14891/14892 गाड़ी जो की जोधपुर से हिसार तक आती है उसे सिरसा तक आसानी से बढ़ाया जा सकता है, इससे क्षेत्र के लोगों को लाभ होगा।
3. गाड़ी संख्या नंबर 14117 व 14118 कालिंदी एक्सप्रेस जो की प्रयागराज से चलकर भिवानी तक आती है उसे सिरसा के लिए आसानी से बढ़ाया जा सकता है जिससे सिरसा वासियों को भी सीधे प्रयागराज जाने का मौका मिल सकेगा अत: इस गाड़ी को सिरसा तक बढ़ाया जाए।
4. सिरसा में वर्तमान में दो ही प्लेटफार्म है, जो सेकंड प्लेटफार्म है उसके साथ जो दीवार बनी हुई है उस दीवार को हटाकर अगर उसके साथ एक नई रेल लाइन बिछा दी जाए तो उस प्लेटफार्म को दो और तीन प्लेटफॉर्म के लिए भी प्रयोग किया जा सकता है। प्लेटफार्म नंबर एक को कम से कम 100 मीटर बठिंडा की साइड में बढ़ाया जाए ताकि लंबी रेल गाड़ियां रुक सके।

मेरी आपसे मांग हैं कि आप उपरोक्त क्षेत्रवासियों की इन मांगों पर विचार करेंगे और क्षेत्रवासियों की मांगों को पूरा करने के निर्देश देंगे।

धन्यवाद,

भवदीया,
सैलजा
**(कुमारी सैलजा)**

श्री अश्विनी वैष्णव
केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण
तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्री,
कमरा नंबर 256-ए,
रेल भवन, रायसीना रोड,
नई दिल्ली -110001